# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–30.03.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक सरगर्मी तेज, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने हजारीबाग में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक, चुनाव तैयारियों की हुई समीक्षा।।
- कोडरमा लोकसभा सीट से बगोदर विधायक विनोद सिंह इंडी गठबंधन के होंगे उम्मीदवार, भाकपा माले ने की घोषणा।
- जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के खिलाफ ईडी ने दाखिल किया आरोप पत्र।
- नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को सफलता, लातेहार से पांच लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार, धनबाद में हथियारों के दो तस्कर और पलामू में 13 साइबर अपराधी भी धराये।

************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित किए गए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, जाने–माने वैज्ञानिक डॉक्टर एम.एस. स्वामीनाथन तथा दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव के योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देना एक ऐसी शख्सियत को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिनका पूरा जीवन सामाजिक न्याय और समानता को समर्पित था। श्री मोदी ने कृषि के क्षेत्र में डॉक्टर एम.एस.स्वामीनाथन के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि विज्ञान और अनुवांशिकी के क्षेत्र में उनके अनुसंधान कार्यों को पूरी दुनिया में सराहा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को यह सम्मान विशेषकर कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उनके महत्वंपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के संबंध में श्री मोदी ने कहा कि हर देशवासी को देश के प्रति उनके योगदान पर गर्व है।

************************************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज उत्तर छोटानागपुर प्रमंडल में लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। हजारीबाग में आयोजित इस समीक्षा बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, आइजी अभियान एवी होमकर, हजारीबाग रेंज के डीआइजी सुनील भास्कर के अलावा हजारीबाग, कोडरमा और रामगढ़ के जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे। बैठक के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि तीनों जिलों में चुनाव तैयारियों का जायजा लिया गया है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

मौके पर मौजूद आइजी आपरेशन एवी होमकर ने कहा कि तीनों जिलों में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए कई एहतियाती कदम उठाये गये हैं । उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल प्रतिनियुक्त किये जायेंगे।

************************************

गिरिडीह जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

************************************

राज्य की कोडरमा लोकसभा सीट से भाकपा माले के विनोद सिंह इंडी गठबंधन के उम्मीदवार होंगे। भाकपा माले की ओर से इसकी घोषणा की गई है। भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विनोद सिंह के नाम पर इंडी गठबंधन ने मुहर लगा दी है। उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही भाकपा माले ने घोषणा पत्र भी जारी कर दिया है।

************************************

रांची के एचइसी स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी का तीसरा दीक्षांत समारोह आज मनाया गया। समारोह में एमिटी यूनिवर्सिटी के कुलपति अतुल चौहान, उप कुलपति अशोक श्रीवास्तव के अलावा देश के विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के सीईओ मौजूद रहे। इस दौरान 321 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गयी। समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कुलपति श्री चौहान ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा इस विश्वविद्यालय की पूंजी है।

************************************

जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने आज चार्जशीट दाखिल कर दी है। श्री सोरेन के अलावा उनके मित्र विनोद सिंह, राजस्व अधिकारी भानु प्रसाद, हिलारियस कच्छप और राजकुमार पाहन के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल किये गये हैं। गौरतलब है कि 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी हुई थी।

************************************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लातेहार जिले से प्रतिबंधित नक्सली संगठन के कमांडर नागेश्वर भोक्ता उर्फ नेशनल गंझू को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। उसे गारू थाना क्षेत्र के मिर्चाइया जंगल से गिरफ्तार किया गया है। वो जिले के बरियातू थाना क्षेत्र के झिरमतकोना गांव का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि इस नक्सली पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज है।

************************************

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धनबाद जिले में पुलिस ने छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। इस कड़ी में आज पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के आरोप में मां– बेटे को गिरफ्तार किया। जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जर्नादनन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार के मुंगेर से अवैध हथियार लाकर निरसा थाना क्षेत्र में बेची जा रही है। उन्होंने कहा कि अवैध हथियारों की हो रही खरीद–बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गयी, जिसने कार्रवाई करते हुए एक 50 वर्षीया महिला और उसके पुत्र को गिरफ्तार कर लिया।

************************************

पलामू जिले में पुलिस ने 13 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सारे अपराधी बिहार–यूपी के अलावा झारखंड के अलग अलग इलाके के रहने वाले हैं। सदर थाना पुलिस ने चियांकी स्थित एक मकान में छापामारी कर इन अपराधियों को गिरफ्तार किया। जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि अपराधियों के पास से कई कंप्यूटर उपकरण, मोबाइल, सिमकार्ड सहित अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं।

**************************************

युवा संगम कार्यक्रम के तहत रांची स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान, आइआइएम पहुंचे पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने आज राजभवन का दीदार किया। मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि युवा संगम कार्यक्रम के तहत यहां आने वाले विद्यार्थियों का यह तीसरा दल है। जम्मू–कश्मीर और हरियाणा से विद्यार्थी भी रांची स्थित राजभवन का परिदर्शन कर चुके हैं। राजभवन का परिदर्शन कर पंजाब के विद्यार्थी भी काफी उत्साहित दिखे।

**************************************